● **सुनो और समझो :**

६. सीख

इस संवाद में बताया गया है कि अंधविश्वास से दूर रहना चाहिए ।

नाम तुम्हारे

* चित्र देखकर उचित सर्वनाम ◯ में लिखो : (तू, मैं, वह, यह, क्या, जैसा-वैसा, अपने-आप)



[मोहन बीमारी के कारण रो रहा है । माँ उसे समझा रही है ।]

माँ : रोओ मत बेटे, ठीक हो जाओगे । ये लो मंत्रवाला पानी बाबा जी ने दिया है ।

मोहन : इससे क्या होगा माँ ?

माँ : इससे तुम्हारी बीमारी छूमंतर हो जाएगी । मैं वैसा ही कर रही हूँ जैसा कहा गया है ।

[मोहन के मित्र एवं सहेलियों का आगमन]

सोहम : मोहन ! अब कैसी है तबीयत ?

मोहन : अरे क्या बताऊँ तकलीफ तो बढ़ ही रही है ।

शिल्पा : अस्पताल नहीं गए? दवाई तो लेनी थी ।

माँ : नहीं, उसकी जरूरत भी नहीं । इसे किसी की नजर लग गई है । बाबा जी ने मंत्रवाला पानी दिया है वह दो-एक दिन में अपने-आप ठीक हो जाएगा ।

❑ संवाद में आए सर्वनाम शब्दों (मैं, वह, कुछ, जैसा-वैसा, अपने-आप) को श्यामपट्ट पर लिखें । इनके भेदों को प्रयोग द्वारा समझाएँ और अन्य शब्द कहलाएँ । विद्यार्थियों से कृति करवाने के पश्चात उनका वाक्यों में प्रयोग करवाकर दृढ़ीकरण कराएँ । विद्यार्थियों से संवाद पढ़वाएँ और प्रश्न बनाकर एक-दूसरे से पूछने के लिए कहें । उनसे अंधविश्वास पर चर्चा कराएँ ।

जरा सोचो .... बताओ

यदि रात और दिन न होते तो ......

सभी मित्र : मोहन, तबीयत की तरफ ध्यान दो । हम निकलते हैं ।
(बच्चे जैसे ही बाहर निकले उसी समय एक बिल्ली ने उनका रास्ता काटा ।)

सुषमा : लो, अब तो हम लोगों का काम नहीं होगा ।

महेश : मुझे भी ऐसा ही लगता है । बिल्ली ने रास्ता काटा है ।

सोहन : अरे देखो तो ! सामने से गुरु जी आ रहे हैं । गुरु जी भी मोहन के घर जा रहे होंगे ।

सुषमा : गुरु जी, अभी हम सब आपके घर ही आने वाले थे पर बिल्ली ने रास्ता काट दिया ।

शिल्पा : गुरु जी दूध का दूध और पानी का पानी करेंगे ।

महेश : हमने देखा मोहन की माँ बीमार मोहन को कोई मंत्र फूँका हुआ पानी पिला रही थी।

गुरु जी : क्यों भला ? तुम सब देखते रहे ?

सोहम : हम सब क्या करते उनका आदर जो करना था ।

गुरु जी : देखो, बिल्ली का रास्ता काटना, देहली पर छींकना आदि सब अंधविश्वास हैं ।

सुषमा : पर सभी लोग तो मानते हैं ।

गुरु जी : बीमारी होने के अनेक कारण होते हैं । दवा ही उसका एकमात्र उपाय है । चलो, हम मिलकर मोहन की माँ को समझाते हैं । जिससे उनकी आँखें खुल जाएगी ।
सभी मिलकर एक साथ बोलते हैं ''अंधविश्वास से दूर रहो, सत्य की पहचान करो ।''

मैंने समझा

शब्द वाटिका

नए शब्द

तकलीफ = दर्द पीड़ा

चौंकना = आश्चर्यचकित होना

उफनना = उबलना

मुहावरे

तरस आना = दया आना

आँखें खुलना = सही बात समझ में आना

दूध का दूध और पानी का पानी करना = न्याय करना

भाषा की ओर

निम्नलिखित शब्दों के लिंग और वचन बदलकर लिखो ।

स्त्रीलिंग		पुल्लिंग	
एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
भैंस	भैंसें	भैंसा	भैंसे
-----	-----	बिलाव	-----
घोड़ी	-----	-----	-----
-----	-----	-----	नाग
-----	मैनाएँ	-----	-----

सुनो तो जरा

चुटकुले, पहेलियाँ सुनो और किसी कार्यक्रम में सुनाओ ।

बताओ तो सही

अपने द्‍वारा किए गए किसी अच्छे कार्य का अनुभव बताओ ।

वाचन जगत से

हितोपदेश की कोई एक कहानी पढ़ो और उससे संबंधित चित्र बनाओ ।

मेरी कलम से

हिचकी आने जैसी क्रियाओं की सूची बनाकर उनके कारण लिखो ।

* एक वाक्य में उत्तर लिखो :

१. बाबा जी ने माँ को क्या दिया ?

२. मोहन को देखने कौन-कौन आए ?

३. बच्चों का रास्ता किसने काटा ?

४. गुरु जी ने बच्चों को क्या समझाया ?

स्वयं अध्ययन

महान विभूतियों की सूची बनाकर किसी एक के कार्य पर पाँच वाक्य लिखो ।

सदैव ध्यान में रखो

बिना सोचे समझे किसी बात पर विश्वास ना करें ।

विचार मंथन

।। विज्ञान का फैलाओगे प्रकाश तो होगा अंधविश्वास का नाश ।।

अध्ययन कौशल

नए शब्दों को शब्दकोश में से ढूँढ़कर वर्णक्रमानुसार लिखो ।

खोजबीन

अंधविश्वास के कारण और उसे दूर करने के उपाय ढूँढ़ो तथा किसी एक प्रसंग को प्रस्तुत करो ।

समझो हमें

* चित्र की सहायता से बारहखड़ी के शब्द बनाकर लिखो ।

अनु.	चित्र का पहला अक्षर	वर्ण	चित्र का अंतिम अक्षर	शब्द	अनु.	चित्र का पहला अक्षर	वर्ण	चित्र का अंतिम अक्षर	शब्द
१.		ल		कलम	७.		-		....
२.		-		....	८.		क		....
३.		सा		....	९.		ला		....
४.		म		....	१०.		य		....
५.		टी		....	११.		शि		....
६.		क		....	१२.		ग		....